सुविचार
चुनौतियां हमें ऐसी चीजें खोजने के लिए प्रेरित करती हैं, जिन तक हम सामान्य तौर पर नहीं पहुंच पाते।

कुल पेज 24, मूल्य ₹ 5.00

देश का नंबर 1 अखबार

दैनिक भास्कर

सच्ची बात, बेधड़क

झुंझुनूं, राजस्थान | शनिवार, 20 दिसंबर, 2025 | 12 राज्य | 61 संस्करण

सीरी में बनाया जलवायु अनुकूल भवन

पिलानी | केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (सीरी) में नवनिर्मित जलवायु अनुकूल भवन का डीएसआईआर सचिव एवं सीएसआईआर महानिदेशक डॉ. एन. कलैसेल्वी ने वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया। उन्होंने सीरी व केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान रूड़की के निदेशकों तथा परियोजना टीम के प्रयासों की सराहना की। सीरी सभागार में हुए कार्यक्रम में सीबीआरआई रूड़की के निदेशक डॉ. प्रदीप कुमार श्रीवास्तव ने सीआरबी परियोजना की जानकारी दी। स्वागत भाषण में सीरी निदेशक डॉ. पीसी पंचारिया ने कहा कि जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के बीच ऐसे भवन भविष्य की आवश्यकता हैं। सीबीआरआई वैज्ञानिक अजय चौरसिया व आशीष पीपल सहित संस्थान के सहकर्मी मौजूद रहे। वर्चुअल उद्घाटन के बाद डॉ. श्रीवास्तव और डॉ. पंचारिया ने सीरी संस्थान के वैज्ञानिकों एवं अन्य सहकर्मियों की मौजूदगी में भवन का औपचारिक उद्घाटन किया। कार्यक्रम समन्वयक पीएमई प्रमुख प्रमोद तंवर रहे।